सुखपाल नगर बाईपास पर युवक से मारपीट, १५ हजार रुपये छीनने का आरोप

कटरामेदनीगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के सुखपाल नगर बाईपास के पास आधा दर्जन लोगों ने एक युवक के साथ मारपीट कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित ने आरोपितों पर १५ हजार रुपये छीनने का भी आरोप लगाया है।

कटरा मेदनीगंज बाजार निवासी कपिल पाण्डेय के अनुसार, बाईपास के पास कार से उतरे आधा दर्जन लोगों ने उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि इस दौरान हमलावरों ने उसके १५ हजार रुपये भी छीन लिए। घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गयी। सूचना मिलने पर कोतवाली देहात पुलिस और सिटी चौकी प्रभारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल की जानकारी लेने के साथ पीड़ित से पूछताछ की। मामले की जांच की जा रही है और आरोपितों की तलाश में पुलिस जुटी है। घटना कोतवाली देहात क्षेत्र के सुखपाल नगर बाईपास की बतायी जा रही है। पुलिस जांच के बाद ही मारपीट और रुपये छीनने के आरोपों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

बेटा न होने पर महिला को प्रताड़ित करने का आरोप, गला दबाकर मारने की कोशिश

प्रतापगढ़। कोतवाली नगर क्षेत्र में बेटे की चाह में महिला को प्रताड़ित करने और जान से मारने की कोशिश करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने उच्चाधिकारियों के निर्देश पर पति और सास के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राथमिकी के अनुसार सदर बाजार बेल्हा देवी की रहने वाली किरन सोनी की शादी करीब १० वर्ष पहले मुकेश कुमार सोनी से हुई थी। उनकी आठ वर्ष की एक बेटी है। आरोप है कि पिछले एक साल से पति और सास पुष्पा देवी उन्हें शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। सास के उकसाने पर पति मारपीट करता था। पीड़िता ने भूखा रखने और गहने छीनने का भी आरोप लगाया है। किरन के मुताबिक, १३ जून २०२६ की रात करीब आठ बजे पति शराब के नशे में घर आया। आरोप है कि सास के उकसाने पर उसने जान से मारने की नीयत से उनका गला दबा दिया, जिससे वह अचेत हो गईं। पुलिस ने मारपीट, दहेज उत्पीड़न सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर जाच पड़ताल शुरू कर दी है। मामले की जांच उपनिरीक्षक निर्मल कुमार को सौंपी गयी है।


सुखपालनगर में छिनैती की घटना की छानबीन करती पुलिस।

आर्य समाज संस्था में ७७ लाख का गबन, दो पूर्व पदाधिकारियों पर केस

दुकानों के किराये के नाम पर १.९९ करोड़ रुपये लेने का भी आरोप

प्रतापगढ़। शहर के आर्य समाज चौक स्थित संस्था में वित्तीय अनियमितता, गबन और दस्तावेजों में कूटरचना के आरोप में पुलिस ने दो पूर्व पदाधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। न्यायालय के आदेश पर कोतवाली नगर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गयी।

संस्था के वर्तमान प्रशासक विजय कुमार सिंह ने पूर्व प्रधान रामकृपाल आर्य और पूर्व कोषाध्यक्ष राजेश खंडेलवाल पर वित्तीय गड़बड़ी का आरोप लगाया है। शिकायत के अनुसार, प्रबंध समिति भंग होने के बाद भी आरोपितों ने कैशबुक, रसीदबुक और बैंक पासबुक समेत जरूरी दस्तावेज नए प्रशासक को नहीं सौंपे। आरोप है कि संस्था की नवनिर्मित दुकानों को किराये पर देने के नाम पर लोगों से १,९९,४०,००० रुपये नकद लिए गए, लेकिन इसका हिसाब संस्था के खाते में नहीं दर्ज किया गया। इसके अलावा, दान के ३० लाख रुपये बैंक में जमा करने के बजाय एक व्यापारी के पास रखे गए, जिसमें से सात लाख रुपये के गबन का आरोप है। शिकायतकर्ता के मुताबिक, करीब ७७ लाख रुपये के गबन और कथित फर्जीवाड़े की शिकायत पर कारवाई नहीं होने के बाद उन्होंने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गयी है। मामले की जांच उपनिरीक्षक राहुल कुमार को सौंपी गयी है। आरोपों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

पुरानी रंजिश में घर में घुसकर हमला, पांच लोग घायल

न्यायालय के आदेश पर आठ नामजद सहित नौ के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

सण्डवाचण्डिका, प्रतापगढ़। अंतू थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट और जानलेवा हमले के मामले में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आठ नामजद समेत नौ आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। घटना ११ जून २०२६ की सुबह की बतायी गयी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्राथमिकी के अनुसार, वादिनी रेखा की जेठानी सुनीता सुबह करीब ६.३० से सात बजे के बीच नल पर पानी भरने गयी थीं। आरोप है कि पुरानी रंजिश के चलते विपक्षी मुरली, रमेश, सुरेश, अभिषेक, प्रीतम, गुलाबा, केसरी और रेखा ने उन्हें पानी भरने से मना किया। विवाद बढ़ने पर गुलाबा ने सुनीता का गला दबाकर जमीन पर पटक दिया। शोर सुनकर परिवार के लोग बीच-बचाव करने पहुंचे तो आरोपितों ने एकराय होकर लाठी-डंडे, कुल्हाड़ी, फावड़ा और ईंट-पत्थर से हमला कर दिया। आरोप है कि हमले में रेखा के पति बनवारी लाल के सिर में गंभीर चोटें आईं। इसके अलावा पंकज, चमेला, नन्हें लाल और रेखा भी घायल हो गये। घायलों का जिला अस्पताल में उपचार कराया गया। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर जानलेव हमला समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जाच पड़ताल षुरू कर दी है। विवेचना उपनिरीक्षक विजय कुमार त्रिवेदी को सौंपी गयी है।

नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में मरीजों की हुई जांच

रानीगंज, प्रतापगढ़। प्राथमिक विद्यालय बालीपुर परिसर में शनिवार को नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर एवं स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन किया गया। सिविल जज शाम्भवी के निर्देश पर तहसीलदार अंकित सिंह के नेतृत्व में आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में महिला और पुरुष मरीज पहुंचे। शिविर में डा. अरुण पाण्डेय की टीम ने मरीजों की आंखों की जांच के साथ स्वास्थ्य परीक्षण किया। जरूरतमंद मरीजों को नि:शुल्क दवाएं भी वितरित की गईं। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना और उन्हें उपचार में सहायता देना रहा। इस दौरान पीएलवी दिनेश मिश्रा, महेंद्र त्रिपाठी और राजेश तिवारी ने सक्रिय सहयोग किया। कार्यक्रम में अजय तिवारी, मोहनलाल, मथुरा प्रजापति, फूलकली और आमिना सहित अन्य लोग मौजूद रहे।


कालाकांकर महाविद्यालय में विद्यार्थियों से संवाद करते उद्योगपति आनन्द पाण्डेय।

कालाकांकर महाविद्यालय के विद्यार्थियों को शत-प्रतिशत रोजगार का आश्वासन

उद्योगपति आनंद पाण्डेय के आगमन से विद्यार्थियों में उत्साह

परियावां, प्रतापगढ़। मदनमोहन मालवीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कालाकांकर में उद्योगपति एवं समाजसेवी आनंद पाण्डेय के आगमन पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के प्रति विश्वास जताते हुए उन्हें शत-प्रतिशत रोजगार उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। इससे विद्यार्थियों में उत्साह और रोजगार की नई संभावनाओं को लेकर उम्मीद जगी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. शिवम श्रीवास्तव ने की। उन्होंने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, कौशल संवर्धन और रोजगारपरक शिक्षा की आवश्यकता पर जोर दिया। कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाना भी है। उद्योगपति आनंद पाण्डेय ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देते हुए उनके भविष्य को बेहतर बनाने और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। महाविद्यालय परिवार ने इसे विद्यार्थियों के हित में महत्वपूर्ण पहल बताया। इससे विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा और कौशल के अनुरूप आगे बढ़ने के अवसर मिलने की उम्मीद है। कार्यक्रम में बीएससी कृषि , बीकाम और बीएड के विद्यार्थी शामिल हुए। इस अवसर पर प्रो. रामकरन, प्रो. डालचंद आनंद, सृष्टि कुशवाहा, अनिल सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।


कृषि उत्पादन मण्डी समिति का निरीक्षण करते कृषक समृद्ध आयोग के सदस्य कुलजीत सिंह।


वंशजों को आशीर्वाद देकर विदा हुए पितर

परियावां, प्रतापगढ़। पितृ अमावस्या पर शनिवार को अपनों को आषीर्वाद देकर पितृ विदा हो गये। श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान के साथ पितृपक्ष का समापन हो गया। श्रद्धालुओं ने पूर्वजों को याद कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि के लिए आशीर्वाद मांगा। मान्यता है कि पितृपक्ष में धरती पर आए पितर अपने परिजनों को आशीष देकर पितृलोक लौट जाते हैं।

कागज पर चल रहे ४० मजदूर, धरातल पर नहीं चला एक भी फावड़ा

बाबागंज, प्रतापगढ़। विकास खंड बाबागंज के बल्ला गांव में सरकारी धन के दुरुपयोग और भ्रष्टाचार का एक बड़ा मामला सामने आया है। यहाँ बीबी राम जी योजना के तहत नहर से दिनेश के खेत तक, नहर से धीरेंद्र के खेत तक और नहर से मेवा के खेत तक गूल (नाली) की खुदाई का काम कागजों पर तेजी से चल रहा है, लेकिन हकीकत में जमीन पर कोई काम नहीं हुआ है।

ग्रामीणों के अनुसार, पिछले १३ दिनों से ४० मजदूर इस कार्य के लिए नामांकित हैं और अब कार्य की अवधि में केवल दो दिन ही शेष बचे हैं। इसके बावजूद कार्यस्थल पर अभी तक एक भी फावड़ा नहीं चला है। वर्तमान स्थिति यह है कि पूरी नाली झाड़ियों और घने घासों से पटी पड़ी है, जिससे साफ पता चलता है कि योजना में केवल बजट ठिकाने लगाने का खेल चल रहा है। जब इस संबंध में ग्राम प्रधान अजीत यादव से बात की गई, तो उन्होंने एक अजीबोगरीब बहाना बनाते हुए कहा कि मेठ के घर में आज तेरहवीं का कार्यक्रम है, जिस वजह से वह नहीं आ सका, लेकिन वह आगे काम पर आएगा। वहीं दूसरी ओर, एपीओ ने मामले पर पर्दा डालते हुए कहा कि इस स्थिति में भी कार्य का निरीक्षण कर आगे भुगतान की विधिक कारवाई पूरी की जायेगी।


बल्ला गांव में झाड़ियों और घनी घासों से पटी नालियां।

दुर्गा प्रतिमा स्थापना में बाधा डालने का आरोप, पुलिस से शिकायत

पट्टी, प्रतापगढ़। तहसील क्षेत्र के हर्रईपट्टी गांव में दुर्गा प्रतिमा स्थापित करने को लेकर विवाद सामने आया है। गांव निवासी श्रीनाथ यादव ने कुछ लोगों पर प्रतिमा स्थापना में बाधा डालने का आरोप लगाते हुए शनिवार को थाना समाधान दिवस पर शिकायती पत्र दिया। उन्होंने पुलिस से मामले में हस्तक्षेप कर समस्या का समाधान कराने की मांग की।

श्रीनाथ यादव ने शिकायती पत्र में बताया कि वह गांव में दुर्गा प्रतिमा स्थापित करना चाहते हैं, लेकिन कुछ लोग इसमें अवरोध पैदा कर रहे हैं। इससे प्रतिमा स्थापना में परेशानी हो रही है। उन्होंने शांतिपूर्ण ढंग से प्रतिमा स्थापना सुनिश्चित कराने की मांग की। शनिवार दोपहर करीब १२ बजे शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामले को संज्ञान में लिया। पट्टी कोतवाली प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि दुर्गा प्रतिमा स्थापना में बाधा डालने की शिकायत मिली है। मामले की जांच करायी जा रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कारर्वाई की जायेगी।

संक्षिप्त समाचार

जमीनी विवाद में घर में घुसकर जानलेवा हमला, दो रिफर

लालगंज, प्रतापगढ़। जमीनी विवाद में आरोपितों ने लाठी डंडे, फरसे से लैश होकर पीड़ित के घर में घुसकर जानलेवा हमला बोल दिया। धारदार हथियार से दबंगो के हमले में गंभीर रूप से घायल महिला समेत दो चुटहिल जिला अस्पताल रिफर हुऐ हैं। लालगंज कोतवाली के लोहारा पूरे मिश्रन निवासी जगतपाल मिश्र पुत्र सूरजदीन ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि शनिवार की सुबह परिवारीजन घर पर थे। करीब साढ़े आठ बजे विपक्षियों ने जमीनी विवाद को लेकर धावा बोल दिया। दर्जनों की संख्या में लाठी डंडे, फरसे से लैस विपक्षी गाली गलौज करने लगे। मना करने पर विपक्षी पीड़ित को मारने पीटने लगे। शोर मचाती महिलायें घर में घुस गईं तब विपक्षी घर का दरवाजा जबरिया ढ़केल कर भीतर घुस गये। महिलाओं को भी खींच खींच कर मारा पीटा।पीड़ित के परिवार कीआशा देवी एवं सुनील का सिर फट गया। लोगों को जुटता देख हमलावर जानलेवा धमकी देते चले गये। सूचना पर पहुँची पुलिस घायलों को लालगंज ट्रामा सेंण्टर ले आयी। उपचार के बाद गंभीर दशा में आशा एवं सुनील को चिकित्सको ने जिला अस्पताल रिफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है, दोनों पक्षों से तहरीर मिली है, केस दर्ज कर दोषियों के खिलाफ कारर्वाई होगी।

कोतवाली में युवक की मौत की मजिस्ट्रीरियल जांच शुरू, पुलिसकर्मियों के बयान दर्ज

पट्टी, प्रतापगढ़। कोतवाली परिसर में मोलनापुर गांव निवासी अर्जुन की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में शनिवार को मजिस्ट्रेटियल जांच शुरू हो गयी। जांच के लिए पट्टी कोतवाली पहुंचे एसडीएम लालगंज वाचस्पति सिंह ने घटनाक्रम से जुड़े तथ्यों की पड़ताल की और पुलिसकर्मियों के बयान दर्ज किए। एसडीएम ने बताया कि जांच के दौरान घटना से संबंधित जानकारी जुटाई जा रही है। इसके साथ ही घटना के समय कोतवाली में तैनात पुलिसकर्मियों की सूची भी प्राप्त की गयी है। उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उनका पक्ष जानने का प्रयास किया, लेकिन परिजनों के बाहर होने के कारण उनसे मुलाकात नहीं हो सकी। कोतवाली परिसर में युवक की मौत के बाद घटना को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। ऐसे में मजिस्ट्रीरियल जांच के माध्यम से घटनाक्रम की परिस्थितियों और संबंधित लोगों के बयानों के आधार पर वास्तविक स्थिति का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। एसडीएम ने कहा कि जांच अभी जारी है। परिजनों का पक्ष सामने आने के बाद मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी पड़ताल की जायेगी। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कारर्वाई की स्थिति स्पष्ट होगी। फिलहाल प्रशासन की ओर से मामले की जांच की जा रही है।

कृषक समृद्धि आयोग के सदस्य ने किया चार संस्थानों का निरीक्षण

प्रतापगढ़। कृषक समृद्धि आयोग के सदस्य एवं प्रभारी दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री कुलजीत सिंह ने शनिवार को जिले में किसान एवं कृषि से संबंधित विभिन्न संस्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कान्हा गौशाला चिलबिला, कृषि उत्पादन मंडी समिति, बी-पैक्स फेनहा और किसान कल्याण केंद्र सदर की व्यवस्थाओं का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। कान्हा गौशाला चिलबिला में उन्होंने तैयार की जा रही वर्मी कंपोस्ट खाद का अवलोकन किया। जिला उद्यान अधिकारी को निर्देश दिया कि किसानों को जैविक खाद के उपयोग के प्रति जागरूक कर उन्हें इसके लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि वर्मी कंपोस्ट के इस्तेमाल से मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ेगी और कृषि उत्पादन में सुधार होगा। किसान कल्याण केंद्र सदर में किसानों को वितरित की जा रही मिनी किट का निरीक्षण किया। इस दौरान किसानों को मिनी किट भी वितरित की गयी। उन्होंने किसानों से उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाने और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। बी-पैक्स फेनहा में उर्वरकों का रखरखाव व्यवस्थित नहीं मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई। संबंधित अधिकारियों को व्यवस्था सुधारने और फार्मर आईडी का सत्यापन करने के बाद ही किसानों को उर्वरक वितरित करने के निर्देश दिये। वहीं, कृषि उत्पादन मंडी समिति में कैटल कैचर खराब मिलने पर तत्काल मरम्मत कराने को कहा। उन्होंने मंडी परिसर स्थित किसान विश्राम गृह का भी निरीक्षण किया। कुलजीत सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को कृषि संबंधी सुविधाएं पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से उपलब्ध करायी जाएं। किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

बी-पैक्स में उर्वरकों का रखरखाव मिला अव्यवस्थित, सुधार के निर्देश

संविदाकर्मियों ने दिया धरना

प्रतापगढ़। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कार्यरत एएनएम सहित अन्य संविदाकर्मियों की हड़ताल शनिवार को तीसरे दिन भी जारी रही। इस दौरान संविदाकर्मियों ने सीएमओ कार्यालय पर धरना देकर अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। प्रदर्शनकारी नियमितीकरण, समान काम के लिए समान वेतन और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग कर रहे थे। एनएचएम संविदा कर्मचारी संघ के अध्यक्ष बृजेश बहादुर सिंह ने बताया कि अस्पतालों में इमरजेंसी छोड़कर अन्य सेवाओं में कार्य बहिष्कार किया जा रहा है। स्थायी कर्मचारी ड्यूटी कर रहे हैं। धरना प्रदर्शन में शिव शंकर मौर्य, डा. राकेश पांडेय, डा. आदित्य, अनामिका सिंह, डा. अमन मौर्य आदि मौजूद रहे।

मेडिकल स्टोरों पर मनमानी का आरोप मरीजों की जेब पर पड़ रही मार

बिना लाइसेंस दवा बिक्री और नशीली दवाओं के कारोबार की जांच कराने की मांग

परियावां, प्रतापगढ़। कालाकांकर विकासखंड के विभिन्न बाजारों में संचालित मेडिकल स्टोरों पर मनमाने तरीके से दवाएं बेचने और मरीजों से अधिक रुपये वसूलने के आरोप लग रहे हैं। परियावां, अंसारगंज, लवाना, भवानीगंज, आलापुर, मानिकपुर, ब्रह्मौली, नवाबगंज, लाला बाजार, कंधेरुवा और कुशवापुर-रेवली सहित कई बाजारों में मेडिकल स्टोर संचालित हैं। स्थानीय लोगों ने कुछ दुकानों के लाइसेंस और संचालकों की योग्यता की जांच कराने की मांग की है।

आरोप है कि बीमारियों से परेशान मरीजों को दवाएं खरीदने में आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कुछ दुकानदारों पर दवाओं के अंकित मूल्य पर ही बिक्री करने और निर्धारित छूट नहीं देने की शिकायतें हैं। मरीजों का यह भी आरोप है कि कई दुकानों पर दवाएं लेने के लिए इंतजार करना पड़ता है और दुकानदारों का व्यवहार भी ठीक नहीं रहता। स्थानीय लोगों ने कुछ मेडिकल स्टोरों की आड़ में अवैध क्लीनिक चलाने और नशीली दवाओं की बिक्री किये जाने की आशंका भी जताई है। हालांकि, इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। क्षेत्रीय लोगों ने औषधि विभाग और ड्रग इंस्पेक्टर से मेडिकल स्टोरों की जांच कराने, लाइसेंस और दवाओं के रखरखाव की पड़ताल करने तथा अनियमितता मिलने पर कारर्वाई करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि नियमित जांच से मरीजों को राहत मिल सकती है और अवैध कारोबार पर अंकुश लगाया जा सकता है।


आरएसएस कार्यालय में गार्ड आफ आनर देते पुलिस के जवान।

गार्ड आफ आनर के साथ सियाराम उमरवैश्य को अंतिम विदाई

प्रतापगढ़। श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए एक करोड़ रुपये दान देने वाले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व जिला संघचालक एवं सियाराम कालोनी निवासी सियाराम उमरवैश्य को शनिवार को गार्ड आफ आनर के साथ अंतिम विदायी दी गयी। उनके निधन से जिले में शोक की लहर है।

फूलों से सजी अर्थी को कंधा देने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। रास्ते में लोगों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। पूर्व सांसद संगम लाल गुप्ता, सदर विधायक राजेंद्र मौर्य और पूर्व विधायक बृजेश सौरभ ने उनके आवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी। नगर कोतवाल सुभाष कुमार यादव, चौकी इंचार्ज भगवा रमेश तिवारी समेत पुलिसकर्मी मौजूद रहे। सियाराम उमरवैश्य सामाजिक कार्यों में सक्रिय थे। प्रयागराज-अयोध्या राजमार्ग स्थित जायेगापुर में उन्होंने सीताराम धाम का निर्माण कराया था। यहां वह 'श्रम का सम्मान' कार्यक्रम के तहत रिक्शा चालकों, सफाईकर्मियों और जरूरतमंदों को आमंत्रित कर भोजन कराते और उपहार देकर सम्मानित करते थे।


सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य को मांग पत्र सौंपती आशा कार्यकर्त्रियां।

निश्चित मानदेय और राज्य कर्मचारी का दर्जा देने की मांग

आशा कार्यकर्त्रियों ने सदर विधायक को सौंपा मांगपत्र

कोहंडौर, प्रतापगढ़। निश्चित मानदेय और राज्य कर्मचारी का दर्जा दिये जाने की मांग को लेकर शनिवार को मंगरौरा ब्लाक की आशा बहुओं ने सदर विधायक राजेंद्र प्रसाद मौर्य को मांगपत्र सौंपा। ब्लाक अध्यक्ष शशि बाला श्रीवास्तव के नेतृत्व में दर्जनों आशा बहुएं चिलबिला स्थित विधायक के कार्यालय पहुंचीं और अपनी समस्याओं से अवगत कराया।

आशा बहुओं का कहना है कि वह ग्रामीण और दुर्गम क्षेत्रों में घर-घर जाकर गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की देखभाल करने के साथ बच्चों के टीकाकरण सहित अन्य स्वास्थ्य सेवाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इसके बावजूद उन्हें निश्चित मानदेय के बजाय प्रोत्साहन राशि पर काम करना पड़ता है। उन्होंने सरकार से निश्चित मानदेय देने और राज्य कर्मचारी का दर्जा प्रदान करने की मांग की। आशा बहुओं ने कहा कि फरवरी २०२६ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आशा और आशा संगिनी के मानदेय में वृद्धि की घोषणा की थी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और शिक्षामित्रों के मानदेय में वृद्धि की जा चुकी है। ऐसे में आशा बहुओं ने मुख्यमंत्री से उनके लिए किये गये वादे को भी पूरा करने की अपील की। इस मौके पर रामापुर के पूर्व प्रधान देवेंद्र कुमार पाठक, भाजपा जिला मंत्री अनुराग मिश्रा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

शारदीय नवरात्र आज से, मां बेल्हा देवी धाम में तैयारियां पूरी

प्रतापगढ़। शारदीय नवरात्र रविवार, ११ अक्टूबर से शुरू होंगे। इसे लेकर शनिवार देर रात तक मां बेल्हा देवी धाम समेत जिले के प्रमुख देवी मंदिरों में तैयारियां चलती रहीं। मंदिरों की साफ-सफाई, सजावट और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यवस्थाएं की गईं। इसी के साथ ही देवी मन्दिरों और दुर्गा पूजा पाण्डालों में नवरात्र के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना के साथ नौ दिवसीय पर्व का शुभारंभ होगा। शहर स्थित मां बेल्हा देवी धाम में नवरात्र के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन-पूजन के लिए पहुंचते हैं। इसे देखते हुए मंदिर परिसर में तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। जिले के अन्य प्रमुख देवी मंदिरों में भी पूजा-अर्चना और दर्शन के लिए व्यवस्थाएं की गईं। श्रद्धालु घरों में कलश स्थापना कर मां दुर्गा की आराधना करेंगे। मंदिरों में सुबह से ही भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू होने की उम्मीद है। नवरात्र में श्रद्धालु व्रत रखकर मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा करेंगे। मंदिरों में आरती, भजन-कीर्तन और दुर्गा सप्तशती के पाठ होंगे। अष्टमी और नवमी पर कन्या पूजन के बाद व्रत का पारण किया जायेगा। पर्व को लेकर बाजारों में भी पूजन सामग्री, फल-फूल और चुनरी की खरीदारी होती रही।

एक माह से खराब पड़ा ट्रांसफार्मर, धान की फसल सूखने की कगार पर

रानीगंज, प्रतापगढ़। विद्युत उपकेंद्र रानीगंज के दादूपुर गांव में एक माह से १०० केवीए का ट्रांसफार्मर खराब पड़ा है। इससे आठ पंपिंग सेट और सबमर्सिबल मोटरें बंद हैं। सिंचाई नहीं हो पाने से धान की फसल सूखने की कगार पर पहुंच गयी है। इससे किसानों में आक्रोश है।

किसानों के अनुसार, ट्रांसफार्मर खराब होने की शिकायत कई बार की जा चुकी है। इसके बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। किसानों का कहना है कि अधिकारी मौके पर पहुंचकर स्थिति देखने तक नहीं आए। शनिवार को थाना दिवस में एसडीएम से शिकायत कर ट्रांसफार्मर ठीक कराने की मांग की गयी। किसान मोहम्मद हबीब, मुजम्मिल अहमद, मोहम्मद सलीम, मुस्तकीम अहमद, मोहम्मद नसीम, मोहम्मद नासिर, फातिमा बेगम, रविंद्र दुबे, मोहम्मद असलम, मोहम्मद शमी और मोहम्मद अयूब सहित अन्य लोगों ने चेतावनी दी कि दो दिन में समस्या दूर नहीं हुई तो विद्युत उपकेंद्र पर धरना-प्रदर्शन करेंगे। इस संबंध में अवर अभियंता बृजेश यादव ने बताया कि ट्रांसफार्मर की खूंटी कमजोर होने से मोटरें नहीं चल पा रही हैं। तकनीकी कर्मचारियों को बुलाकर इसे ठीक कराया जायेगा, जिससे किसानों की मोटरें संचालित हो सकें।

दो दिन में समस्या दूर नहीं हुई तो बिजली उपकेंद्र पर धरना देंगे किसान


चरिया के मुसहर बस्ती में चौपाल में समस्या सुनते डीएम अभिषेक पाण्डेय।

मुसहर बस्ती में डीएम की चौपाल, लापरवाही पर जेई को निलंबित करने का आदेश

सुवंशा, प्रतापगढ़। नगर पंचायत सुवंशा के चरिया और महुआरी स्थित मुसहर बस्तियों के लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए शनिवार को जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने चौपाल लगाकर समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित विभागों को त्वरित कारर्वाई के निर्देश दिये। बस्ती में बिना फिल्टर पानी की आपूर्ति पर नाराजगी जताते हुए जल निगम के जेई को निलंबित करने का आदेश दिया।

श्रम विभाग ने बताया कि ६९ परिवारों के सर्वे में २७ पात्र मिले, जिनमें १४ का पंजीयन हुआ है। स्वास्थ्य विभाग ने छह दिव्यांगों के प्रमाणपत्र के लिए आवेदन भेजने की जानकारी दी। डीएम ने झोलाछाप चिकित्सकों और अवैध जांच केंद्रों की जांच कर कारर्वाई करने को कहा। बस्ती के २२ बच्चों में १६ पहले से स्कूल में पंजीकृत थे, जबकि छह बच्चे सर्वे के बाद स्कूल जाने लगे हैं। बच्चों की मांग पर डीएम ने लड्डू मंगवाकर वितरित कराए। राशन कार्डों की स्थिति संतोषजनक नहीं मिलने पर सोमवार को दोबारा सर्वे का निर्देश दिया।

चौपाल में २३ परिवारों को आवंटित पट्टों में से २२ की जमीन बेचने की जानकारी पर डीएम ने बैनामे निरस्त कराने और तत्कालीन लेखपाल को बर्खास्त करने का आदेश दिया। दोनों बस्तियों में दीपावली से पहले सामुदायिक शौचालय बनवाने के निर्देश भी दिये। डीएम ने हर ४५ दिन में चौपाल लगाकर समस्याएं सुनने का भरोसा दिलाया।

पट्टे की जमीन बेचने के मामले में बैनामे निरस्त कराने के निर्देश

नवरात्र, दशहरा, भरत मिलाप एवं दीपावली पर चाक-चौबंद रहेगी व्यवस्था

प्रतापगढ़। आगामी नवरात्र, दशहरा, भरत मिलाप और दीपावली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने तुलसीसदन (हादीहाल) सभागार में पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर, संबंधित अधिकारियों, दुर्गा पूजा आयोजन समितियों के सदस्यों और विभिन्न धर्मों के प्रबुद्धजनों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने कहा कि त्योहारों के दौरान सुरक्षा, साफ-सफाई, यातायात प्रबंधन और विद्युत व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए। प्रमुख धार्मिक स्थलों और पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी जरूरी इंतजाम समय से पूरे कर लिए जाएं, ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्कता बरतने, आयोजन समितियों के साथ समन्वय बनाए रखने और संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिये। डीएम ने कहा कि पर्वों के दौरान शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी अधिकारी आपसी तालमेल के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें और किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार रहें। उन्होंने प्रबुद्धजनों और गणमान्य नागरिकों से त्योहारों को पारंपरिक सौहार्द, आपसी भाईचारे और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर निर्देश दिये। उन्होंने पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, यातायात नियंत्रण और सुरक्षा के मद्देनजर सतर्कता बरतने पर जोर दिया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा. राममोहन मीना, अपर जिलाधिकारी प्रेमचंद मौर्य सहित संबंधित अधिकारी और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

डीएम ने अधिकारियों को दिये निर्देश संवेदनशील स्थलों पर रहेगी विशेष निगरानी


हादीहाल में त्योहारों के मद्देनजर बैठक को सम्बोधित करते डीएम अभिषेक पाण्डेय।